सोलर एक्सपो में नई तकनीक के उत्पाद लोगों को कर रहे आकर्षित

चार दिवसीय आयोजन में देशभर की 91 कंपनियां ले रही हैं हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। शहर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगे सोलर एक्सपो में नई तकनीक के उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। साधारण रूफ टॉप पैनल की जगह लोग हेट्रोजेक्शन टेक्नॉलोजी के टॉपकॉन पैनल को पसंद कर रहे हैं, उनके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

एक फरवरी से शुरू हुए चार दिवसीय नेशनल सोलर एंड ईवी एक्सपो में देश भर की 91 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें मुख्य रूप से रूफ टॉप पैनल, इनवर्टर, बैटरी व अन्य उत्पाद हैं, लेकिन नई तकनीक के उत्पादों के बारे में सोलर इंडस्ट्री से जुड़े व घरों अथवा ठेके पर सोलर पैनल लगवाने वाले लोग ज्यादा जानकारी जुटा रहे हैं।

एक्सपो में रखे एचजेटी सोलर टॉपकान।

उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन के संरक्षक तारिक नकवी बताते हैं कि सोलर इंडस्ट्री से जुड़े प्रदेश भर के लोग यहां विजिट कर रहे हैं और पसंदीदा मॉडल को बुक कर रहे हैं। ऐसे एक्सपो इंडस्ट्री को बड़ा बाजार देते हैं।

कम जगह लेकर ज्यादा पावर जनरेट करेगा एचजेटी शार्क : हरियाणा बेस्ड एक कंपनी ने हेक्ट्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी आधारित टॉप कॉन पैनल बनाया है, जो हाई डिमांड में है। कंपनी के मालिक आनंद ने बताया कि पैनल की सतह पर छोटे-छोटे सेलों के पास कई रास्ते बने होते हैं, जिन्हें बस बार कहते हैं। कहा कि पूरे एक्सपो में उनके पास ही एचजेटी टॉपकॉन है, जिसे उन्होंने प्लेन शार्क नाम दिया है।

सोलर इनवर्टर के साथ लिफ्टवर्टर भी प्रमुख आकर्षण

एक्सपो में एक नामी कंपनी के लिफ्टवर्टर के बारे में भी सबसे ज्यादा पूछताछ हो रही है। कंपनी के रीजनल हेड आशुतोष तिवारी बताते हैं कि भरोसेमंद सर्विस के साथ हमारी तकनीक लोगों को पसंद आ रही है। लिफ्टवर्टर हाई डिमांड में हैं, जिनकी कीमत 3 लाख से शुरू है। इससे बिजली चली जाने पर अपार्टमेंट या भवनों में लिफ्ट नहीं रुकेगी।